എംപ്ലോയീസ് സ്റ്റേറ്റ് ഇൻഷുറൻസ് കോർപ്പറേഷൻ
തൊഴിൽമന്ത്രാലയം,ഭാരതസർക്കാർ
**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार**
**EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION**
**Ministry of Labour& Employment, Govt. of India**
**[आई.एस.ओ./ISO 9001:2015 प्रमाणित/Certified]**

**क.रा.बी.नि**
**ESIC**

सत्यमेव जयते

സബ്റീജിയണൽഓഫീസ്, എറണാകുളം
5&6 നില,ബിഎസ്എൻഎൽഭവൻ,കളത്തിപ്പറമ്പ്റോഡ്, എറണാകുളം-16
**उप क्षेत्रीय कार्यालय, एरणाकुलम**
**5 वां एवं 6 ठा तल, बी.एस.एन.एल भवन,कलथीपरम्बु रोड,एरणाकुलम- 16**
**SUB REGIONAL OFFICE, ERNAKULAM**
**5th & 6th floor, BSNL Bhavan, Kalathiparambu Road, Ernakulam-16**
**दूरभाष/Phone: 0484-2533541/42**
**ईमेल/Email: sro-ernakulam@esic.nic.in**

सं. 47/ए/49/20/2022-रा.भा. दिनांक: .08.2024

सेवा में,
समस्त क्षेत्रीय निदेशक/चिकित्सा अधीक्षक
संयुक्त निदेशक/उप निदेशक(रा भा.)/उप निदेशक(प्रभारी)
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
क्षेत्रीय कार्यालय/उप क्षेत्रीय कार्यालय/क.रा.बी.अस्पताल

**विषयः 33 वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, दिनांक 16 एवं 17 अगस्त 2024 के आयोजन हेतु आवास संबंधी सूचना प्रेषित करने के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय पर मुख्यालय के पत्र सं. ए-49/13/01/2024-रा.भा./सम्मेलन, दिनांक 26.7.2024 का कृपया संदर्भ लें जिसके द्वारा 33 वें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन दिनांक 16 एवं 17 अगस्त को एरणाकुलम, केरल में आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है।
उक्त सम्मेलन में मुख्यालय/निगम कार्यालयों/अस्पतालों से भाग लेने वाले संयुक्त निदेशक(राजभाषा) सहायक निदेशक(राजभाषा)/वरिष्ठ/कनिष्ठ अनुवाद अधिकारियों/ प्रभारी राजभाषा अधिकारियों हेतु आवास, भोजन एवं सम्मेलन कक्ष का प्रबंध एक ही होटल में दिनांक 15.8.2024 (अपराह्न 02.00 बजे) से दिनांक 18.8.2024 (अपराह्न 12.00 बजे) तक किया गया है। होटल संबंधी विवरण निम्न प्रकार हैः

| क्र.सं | होटल का नाम | पता | दूरभाष सं. |
|---|---|---|---|
| 01. | होटल रेडिसन ब्लू<br>Hotel Radisson Blu | Hotel Radisson Blu,<br>Sahodaran Ayappan Road,<br>Elamkulam Junction, Kochi<br>682020 | +91484-4129999 |

साथ ही यह भी उल्लेख है किः

1. होटल रेडिसन ब्लू की कोच्ची एयरपोर्ट से दूरी लगभग 21 किलोमीटर है।

- एयरपोर्ट से फीडर-बस की सुविधा है, जो आपको निकटतम मेट्रो स्टेशन **आलुवा (Aluva)**तक ले जाएगी और वहाँ से **एलंकुलम( Elamkulam)** मेट्रो स्टेशन पर उतरना है जहाँ से 100 मीटर की दूरी पर होटल रेडिसन ब्लू है।
- एयरपोर्ट से होटल तक आने के लिए Uber/Ola की सुविधा भी उपलब्ध है।
- एरणाकुलम जंक्शन रेलवे स्टेशन से होटल तक की दूरी लगभग 03 किलोमीटर है।
- निकटतम बस स्टेशन से होटल तक की दूरी 2.5 किलोमीटर है।
- **केरल में बारिश का मौसम है। कृपया सभी अपने साथ छतरी लेकर आएं।**

2. होटल का चेक इन समय दिनांक 15.8.2024 अपराह्न 02.00 के बाद एवं चेक आउट का समय दिनांक 18.8.2024 को अपराहन 12.00 बजे से पहले तक की अवधि होगी। इस अवधि से पहले अथवा बाद में ठहरने की अतिरिक्त व्यवस्था प्रतिभागियों को स्वयं के स्तर पर करनी होगी। **प्रतिभागियों के अतिथियों के लिए कोई भी व्यवस्था नहीं की गई है |**
3. हवाई अड्डा/रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन से होटल तक आगमन एवं वापसी की व्यवस्था प्रतिभागियों को स्वयं करनी होगी।
4. होटल में ठहरने के लिए कमरों की व्यवस्था 02 प्रतिभागी एक साथ (twin sharing basis) पर की गई है।

   होटल में स्वागत अधिकारी को अपना पहचान पत्र दिखाए जाने पर होटल के कर्मचारी उन्हें आरक्षित कमरे तक ले जाने में मार्ग दर्शन करेंगे।
5. उल्लेखनीय है कि मुख्यालय से आनेवाले वरिष्ठ अधिकारियों के आगमन एवं प्रस्थान की व्यवस्था उनके दौरा कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए पृथक से की जाएगी।
6. होटल प्रबंधन के नियमों/दिशा निर्देशानुसार होटल में धूम्रपान एवं मद्यपान पूर्णतः निषेध है।
7. जिन कार्यालयों ने अभी तक नामांकन नहीं भेजे हैं, कृपया नामांकन तुरंत भेजें और यदि किसी प्रतिभागी को होटल में कमरा नहीं चाहिए तो दिनांक 9/8/2024 अपराह्न 3.00 बजे, तक इस कार्यालय को सूचित कर दें।

कोच्ची पहुँचने पर किसी भी प्रकार की कठिनाई/असुविधा की स्थिति में निम्नलिखित नंबर पर संपर्क किया जा सकता है-

1.श्री अखिल नंबियार, उप निदेशक (रा.भा प्रभारी), मोबाइल नं -9711953078

2.श्री अनंतकृष्णन, सा.सु.अधिकारी, मोबाइल नं -8089679436

**भवदीय,**

Signed by
Prasanth D
Date: 06-08-2024 20:34:25

**प्रशांत डी.**

**उप निदेशक (प्रभारी)**

प्रतिलिपि:

1. सभी प्रतिभागी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम